खुशियों की दास्तां

उद्यानिकी विभाग के सहयोग से 1.5 एकड़ में कमा रहे धर्मराज सिंह स्थायी मुनाफा, बदली किस्मत

आत्मनिर्भरता की मिसाल, हल्दी की खुशबू से मिली नई पहचान

मंडला 09 नबंवर नभाप्र. जहां चाह, वहां राह, इस कहावत को जिले के ग्राम लावर के किसान धर्मराज सिंह ने सच कर दिखाया है। परंपरागत मक्का की खेती में घाटा देखने के बाद आठ वर्ष पूर्व उद्यानिकी विभाग की हल्दी प्रदर्शन योजना के तहत खेती में बदलाव कर उन्होंने हल्दी की खेती शुरू की।

आज उनकी मेहनत नई तकनीक और जैविक खेती की सोच ने उन्हें न केवल आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि पूरे जिले के किसानों के लिए वे प्रेरणास्रोत बन गए हैं।

जानकारी अनुसार धर्मराज सिंह ने वर्ष 2017 में उद्यानिकी विभाग के सहयोग से खेती का यह नया रास्ता पकड़ा। विभाग ने उन्हें कर्नाटक हल्दी के 250 किलोग्राम बीज और आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने अपनी 1.5 एकड़ भूमि पर हल्दी की खेती का सफल प्रयोग किया। पहले वर्ष ही अच्छा उत्पादन मिलने के बाद उन्होंने स्वयं का बीज तैयार किया और हर साल हल्दी की फसल लेना जारी रखा। धर्मराज सिंह ने बताया कि विभाग के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से मुझे खेती में एक नया और स्थायी रास्ता मिला है। अब हल्दी से ही मेरी स्थायी आमदनी सुनिश्चित हो गई है।

किसानों के लिए बने प्रेरणा स्रोत

धर्मराज सिंह ने जिले के किसानों से आह्वान करते हुए कहां कि यदि किसान शासन की योजनाओं का लाभ लें और नई तकनीक को अपनाएं तो छोटी भूमि से भी आत्मनिर्भर बना जा सकता है। उनका यह सफल प्रयास न केवल ग्राम लावर बल्कि समूचे जिले के किसानों के लिए नई राह दिखा रहा है।

फलदार पौधों से हुआ दोहरा लाभ

कृषक धर्मराज ने बताया कि हल्दी छायादार क्षेत्रों में अधिक उपज देती है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने उद्यानिकी विभाग के सुझाव पर अपने खेत में आम और नींबू के पौधों का रोपण किया है। यह नवाचार दोहरा लाभ दे रहा है। इससे हल्दी की फसल को आवश्यक छाया मिलती है, वहीं सीजन के दौरान फलों की बिक्री से उन्हें अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है।

जैविक पद्धति से बढ़ी मांग और कीमत

धर्मराज सिंह ने बताया कि वह अपनी हल्दी की खेती को पूरी तरह जैविक पद्धति पर आधारित रखा है। फसल लगाने से पहले वे केवल गोबर की खाद का उपयोग करते हैं और किसी भी रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल नहीं करते। यही कारण है कि उनकी जैविक हल्दी की मांग जबलपुर सहित आसपास के बाजारों में लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में उन्हें अपनी उपज के लिए 90 से 95 रूपए प्रति किलोग्राम तक की बेहतर कीमत मिल रही है। अपनी 1.5 एकड़ भूमि से वे प्रति वर्ष 15 से 18 क्विंटल हल्दी का उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उन्हें नियमित और स्थायी आय प्राप्त हो रही है।

नौ वाहनों से वसूले 8500 रूपए का समन शुल्क

बिना परमिट संचालित एक यात्री बस जब्त

मंडला 09 नबंवर नभाप्र. परिवहन आयुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार राजस्व, पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा मंडला-बिछिया मार्ग पर संचालित वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, व्ही एलटीडी, एसएलडी, रेडियम, ओव्हरलोडिंग एवं अधिक किराया लेने आदि की जांच की गई।

चैकिंग के दौरान 9 वाहनों पर मोटर यान अधिनियम 1988 की विभिन्न प्रावधानों के तहत 8500 रूपये का समन शुल्क एवं बस क्रमांक एमपी 28 पी 1786 बिना परमिट संचालित पाये जाने पर जप्त कर परिवहन कार्यालय मंडला में सुरक्षार्थ रखा गया है। चैकिंग कार्यवाही में जिला परिवहन अधिकारी विमलेश कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार रामसिंह उलाडी, यातायात उप निरीक्षक योगेश राजपूत एवं परिवहन कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। बताया गया कि चैकिंग लगातार जारी रहेगी।

अमेरिका गए थे पूर्व मंडल अध्यक्ष, घर पर चोरों का धावा

- पिपरिया में भाजपा नेता के घर लाखों की चोरी की आशंका
- पुलिस की जांच शुरू
- निवास थाना प्रभारी ने बुलाया फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड
- सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे

निवास 09 नबंवर नभाप्र. मंडला जिले के निवास थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात चोरी की बड़ी वारदात हुई है। अज्ञात चोरों ने भाजपा नेता एवं निवास मंडल के पूर्व अध्यक्ष यतीन्द्र मोहन विश्वकर्मा के बंद घर को निशाना बनाया। घटना के वक्त विश्वकर्मा परिवार अपने छोटे बेटे से मिलने अमेरिका गए हुए थे।जानकारी अनुसार रविवार सुबह पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा और दरवाजा खुला देखा, जिसके बाद तुरंत निवास पुलिस और जबलपुर में रह रहे यतीन्द्र मोहन के बड़े बेटे को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी वर्षा पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। जांच के दौरान घर में अलमारियां खुलीं और सामान बिखरा हुआ मिला। पुलिस ने मौके पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड को बुलाया है। बताया गया कि प्रारंभिक जांच में अलमारी से कीमती मंगलसूत्र सहित कुछ आभूषण गायब होने की आशंका है। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी गए सामान का सटीक ब्योरा परिवार के लौटने के बाद ही मिल सकेगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

दुर्गंध का दंश, नारायणगंज बस स्टेंड में दुकानदारों के सामने कचरा घर

ग्राहक व व्यापार दोनों हुए प्रभावित, स्थानीय दुकानदारों ने सीईओ से की तत्काल समस्या के समाधान की मांग

मंडला 09 नबंवर नभाप्र. जनपद पंचायत नारायणगंज स्थित मुख्यालय के मुख्य बस स्टैंड में स्थानीय दुकानदारों के सामने रखे अस्थाई कचरा घर के कारण क्षेत्र में दुर्गंध फैलने के साथ संक्रमण का खतरा बन गया है। जिसके कारण यहां के दुकानदारों के व्यापार पर बहुत असर पड़ रहा है। इस परेशानी को देखते हुए दुकानदारों ने नारायणगंज सीईओ को शिकायत भी की है। शिकायत पत्र में दुकानदारों ने आरोप लगाए हैं कि कचरा घर से आ रही असहनीय दुर्गंध के कारण उनका व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और जीना दूभर हो गया है। दुकानदारों ने बताया कि कचरा घर बिल्कुल उनकी दुकानों के मुख्य द्वार के सामने रखा गया है। इसके चलते जो ग्राहक खरीदारी के लिए आते हैं, वे भीषण बदबू के कारण ऊपर या पास आने से कतराते हैं, जिससे उनका व्यापार ठप हो गया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि गंदगी इतनी अधिक है कि दुकानदारों के लिए अपनी दुकानों में भोजन करना भी मुश्किल हो गया है, क्योंकि चारों तरफ बदबू और मक्खियों का जमावड़ा लगा रहता है।

अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए

शिकायत में बस स्टेंड के काम्प्लेक्स में संचालित दुकानदारों ने नारायणगंज मुख्य कार्यपालन अधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की है। उन्होंने निवेदन किया है कि क्षेत्र की जन-सुविधा और व्यापारियों के हित को देखते हुए इस बदबूदार कचरा घर को तत्काल यहाँ से हटाकर किसी उचित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए जिससे वे सामान्य रूप से अपना व्यापार कर सकें।

स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खतरा

दुकानदारों ने स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। बताया कि साफ-सफाई की स्थिति बिल्कुल लचर है, और सबसे बड़ी समस्या यह है कि कचरा घर से गंदा पानी लगातार रिस रहा है, जिससे उनकी दुकानों के सामने की पूरी जगह कीचड़ और बदबू से भर गई है। यह स्थिति न केवल व्यापार को नुकसान पहुँचा रही है, बल्कि स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए भी एक गंभीर खतरा बन गई है।

रितेश सोनी, निवास विधानसभा अध्यक्ष, युवा कांग्रेस

यह कचरा घर हमारे लिए ग्राहक भगाने वाली मशीन बन गया है। ग्राहक दूर से ही दुर्गंध महसूस करते हैं और सीधे मुड़कर वापस चले जाते हैं। ऊपर की दुकानों में तो कोई आता ही नहीं है। हम ग्राहक न आने के कारण भारी व्यापारिक नुकसान झेल रहे हैं और अपनी आजीविका चलाने में भी मुश्किल हो रही है।

विष्णु प्रसाद

गंदगी बहुत ज्यादा है, और ऐसा लगता है कि यहाँ साफ-सफाई होती ही नहीं है। सड़क पर पानी रिस रहा है और कचरे का ढेर लगा रहता है। इस तरह के माहौल में कोई भी व्यक्ति सामान खरीदने के लिए क्यों आएगा, नारायणगंज सीईओ से निवेदन है कि वे हमारी परेशानी को समझें और तत्काल कार्रवाई करें।

रितेश सोनी, निवास विधानसभा अध्यक्ष, युवा कांग्रेस

दुर्गंध के कारण दिनभर सिर में भारीपन और उल्टी जैसा महसूस होता है। हम दुकानदार अपनी ही दुकान में ठीक से खाना भी नहीं खा पाते हैं। यह केवल व्यापार का नहीं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य का भी सवाल है। अगर यह गंदगी नहीं हटी, तो हमें मजबूरन अपनी दुकानें बंद करनी पड़ सकती हैं।

दीपक सिंगरौरे

पिछले कई दिनों से यह समस्या लगातार बढ़ रही है। कचरे से रिसने वाला गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में बदबू और मच्छर, मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है। हम व्यापारी अब इस गंदगी और दुर्गंध के साथ और काम नहीं कर सकते। प्रशासन को तुरंत इस कचरा घर को हटाना चाहिए।

आनंद अग्रवाल

धान का बोझा उठाते वक्त जहरीले सांप ने काटा

हाथीतारा रैयत के युवक का सीएचसी निवास में चल रहा उपचार

निवास 09 नबंवर नभाप्र. निवास थाना क्षेत्र के ग्राम हाथीतारा रैयत में शनिवार दोपहर करीब एक बजे खेत में काम करते समय एक युवक को जहरीले सांप ने काट लिया। जानकारी अनुसार, सतेंद्र पूसाम 32 वर्ष अपने परिवार के साथ खेत में धान का बोझा उठा रहे थे, इसी दौरान उनके पैर में सांप ने तीन अलग-अलग स्थानों पर काट लिया। युवक की चीख-पुकार सुनकर परिवार के सदस्य और स्थानीय लोग तत्काल मदद के लिए पहुंचे। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बिना देरी किए एक निजी वाहन से निवास सीएचसी में इलाज के लिए लाया गया। अस्पताल में युवक का उपचार जारी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय जनों ने इस घटना की जानकारी निवास पुलिस प्रशासन को भी दे दी है।

50 गांवों के ग्रामीणों ने बबलिया मड़ई का उठाया आनंद

- बबलिया मड़ई में बिक्री कम होने से व्यापारी निराशा
- झूला संचालक मजदूरों का खर्च भी नहीं निकाल पाए

बबलिया 09 नबंवर नभाप्र. दो दिवसीय बबलिया मड़ई का आयोजन परंपरा अनुसार संपन्न हुआ। इस उत्सव में अहीरों का पारंपरिक नृत्य और चंडी मड़ई ब्याही गई, जिसका आनंद लेने के लिए आसपास के करीब 50 गांवों के ग्रामीण पहुंचे। हालांकि इस वर्ष बबलिया मड़ई में व्यापारियों और झूला संचालकों में खासी निराशा देखने को मिली। झूला वालों ने बताया कि उनकी बिक्री इतनी कम रही कि कुछ तो अपना किराया और मजदूरों का खर्च भी नहीं निकाल पाए। अन्य व्यापारियों ने भी विक्रय कम होने की शिकायत की।

बताया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा इस मड़ई में शांति व्यवस्था, पेयजल और बिजली की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई। सरपंच शाह मेन मरावी, उपसरपंच संजय सोनी, और सचिव लामू सिंह वरकडे सहित पंचायत के सदस्यों और क्षेत्र के युवा वर्गों के सराहनीय सहयोग से यह मड़ई निर्विघ्न संपन्न हुआ।

जैसी करनी वैसी भरनी गाकर दी सीख

एसडीओपी वालरे ने गाने के जरिए किया छात्राओं को जागरूक

निवास 09 नबंवर नभाप्र. मुस्कान अभियान के तहत जागरूकता फैलाने का एक अभिनव तरीका सामने आया है। निवास एसडीओपी पीएस वालरे ने मोहगांव के कन्या हाई स्कूल में छात्राओं को संबोधित किया। एसडीओपी वालरे ने बच्चियों को सुरक्षा और जागरूकता का संदेश सिर्फ व्याख्यान के माध्यम से नहीं, बल्कि गाना गाकर दिया। उन्होंने जैसी करनी वैसी भरनी के माध्यम से उन्हें अच्छे कर्म करने और माता-पिता का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्राओं को खास तौर पर किसी के बहकावे में आकर घर छोड़ने के खतरों से आगाह किया, क्योंकि ऐसी स्थिति में वे बंधुआ मजदूरी या दैहिक शोषण जैसी गंभीर समस्याओं में फंस सकती हैं। यह अभियान नाबालिगों के अपहरण, मानव तस्करी और शोषण को रोकने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। एसडीओपी का यह अनोखा संदेश शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसकी लोग जमकर सराहना कर रहे हैं।

घुघरी में श्रीराम बॉयज कप का आगाज, वेलफेयर फाउंडेशन की पहल

वेद प्रकाश ने किया पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

घुघरी 09 नबंवर नभाप्र. घुघरी स्टेडियम ग्राउंड में श्रीराम बॉयज पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के सुपुत्र और वेद प्रकाश कुलस्ते वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक व निदेशक द्वारा कराया जा रहा है। बताया गया कि प्रतियोगिता की ओपनिंग सेरेमनी में वेद प्रकाश कुलस्ते मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष बजारी लाल मरावी, दुर्गेश प्रजापति, जितेंद्र नंदा, सतानंद चौबे, सत्यम पटेल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

विशेष गहन पुनरीक्षण में कार्यों का सतत् निरीक्षण

मंडला 09 नबंवर नभाप्र. विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मंडला में नियुक्त अधिकारियों द्वारा बीएलओ के कार्यों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा मतदाताओं से संपर्क स्थापित कर नाम जोड़ने, सुधारने एवं हटाने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी जा रही है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके।

औषधि निरीक्षक द्वारा निवास क्षेत्र की औषधि दुकानों का औचक निरीक्षण

मंडला 09 नबंवर नभाप्र. कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में निवास स्थित विभिन्न औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण औषधि निरीक्षक मंडला द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेख, भंडारण व्यवस्था, औषधि अनुज्ञापन की वैधता एवं पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति का परीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय दो औषधि दुकानों मेसर्स रूबी मेडिकल स्टोर्स एवं मेसर्स ओम मेडिकल स्टोर्स पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति पाई गई। औषधि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित दुकानों में औषधियों के क्रय विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाते हुए प्रतिष्ठानों को अस्थायी रूप से बंद कराया गया। निरीक्षण के दौरान पाए गए तथ्यों के संबंध में विस्तृत जांच प्रतिवेदन तैयार कर सक्षम अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा, जिससे आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा सके।

न्यायालय न्यायिक दण्डाधिकारी महोदय प्रथम श्रेणी मंडला म.प्र.

(पीठासीन अधिकारी सुश्री वत्सला प्रजापति)

Pro-No-631/25

प्र.क्रं. UNCR/401/25 नियत दिनांक:- 05/12/2025

आज्ञा दिनांक:- 31/10/2025

शंभु प्रसाद कछवाहा पिता स्व. श्री दुलारे उर्फ रामदुलारे उम्र 65 निवासी ग्राम लालीपुर, तहसील व जिला मंडला म.प्र .....परिवादी

// विरुद्ध //

1. शैकी चौरसिया पिता श्री घनश्याम प्रसाद चौरसिया निवासी ग्राम विनायका तहसील व जिला मंडला म.प्र. 2. राजेन्द्र कछवाहा पिता श्री राधेलाल कछवाहा निवासी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड मंडला, तहसील व जिला मंडला म.प्र. 3. इमरती उर्फ राधाबाई कछवाहा पति श्री मदन लाल कछवाहा निवासी मोदीबाडा, सदर, रानीताल, जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. 4. कृष्णा बाई कछवाहा पति श्री भगवान दास कछवाहा निवासी शंकर शाह नगर वार्ड रामपुर जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. निवासी दुर्गानगर जबलपुर रामपुर जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. 5. प्रहलाद कछवाहा पिता श्री राधेलाल कछवाहा निवासी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड मंडला, तहसील व जिला मंडला म.प्र. 6. शशि पत्नि श्री छिदामी लाल कछवाहा निवासी कमला नेहरू वार्ड, विजय नगर जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. 7. रेखा कछवाहा पति श्री बंशीलाल कछवाहा निवासी विजय नगर इंदौर, जिला इंदौर म.प्र. 8. मनीषा कछवाहा पति श्री महेन्द्र कछवाहा निवासी तसला फेक्ट्री के पीछे राजीव कॉलोनी मंडला जिला मंडला म.प्र. 9. शकुंतला कछवाहा पत्नि स्व. सतीष कछवाहा 10. अभिषेक कछवाहा पिता श्री सतीष कछवाहा 11. अनुराग कछवाहा पिता श्री सतीष कछवाहा 12. प्रतीक कछवाहा पिता राधेलाल कछवाहा

क्रं. 9 से 12 निवासी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड मंडला तहसील व जिला मंडला म.प्र.

13. उपपंजीयक, उप पंजीयन कार्यालय, मंडला जिला मंडला म.प्र. 14. थाना प्रभारी, थाना मंडला जिला मंडला म.प्र .....अभियुक्तगण

प्रेषित -

1. शैकी चौरसिया पिता श्री घनश्याम प्रसाद चौरसिया निवासी ग्राम विनायका तहसील व जिला मंडला म.प्र. 4. कृष्णा बाई कछवाहा पति श्री भगवान दास कछवाहा निवासी शंकर शाह नगर वार्ड रामपुर जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. निवासी दुर्गानगर जबलपुर रामपुर जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. 6. शशि पत्नि श्री छिदामी लाल कछवाहा निवासी कमला नेहरू वार्ड, विजय नगर जबलपुर जिला जबलपुर म.प्र. 7. रेखा कछवाहा पति श्री बंशीलाल कछवाहा निवासी विजय नगर इंदौर, जिला इंदौर म.प्र.

// आम इश्तहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, परिवादी द्वारा धारा 420, 156 (3) द.प्र.सं. के अंतर्गत अनावेदकगणो के खिलाफ प्रस्तुत किया है जिसमें अनावेदकगण न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे है इस कारण उन्हें दैनिक समाचार पत्र आम इश्तहार के माध्यम से नोटिस प्रेषित किया जा रहा है।

उक्त पेशी दिनांक 05/12/2025 को प्रकरण नियत है जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो वह नियत दिनांक 05/12/2025 को न्यायालय मे उपस्थित हो कर आपत्ति प्रस्तुत करें। प्रकरण की आगामी पेशी दिनांक 05/12/2025 को न्यायालीन समय में आप प्रेषित स्वयं या अपने अधिवक्ता, प्रतिनिधि जिसे प्रकरण की संपूर्ण जानकारी हो के माध्यम से मय दस्तावेजों के उपस्थित होकर जवाब पेश करें, उक्त दिनांक को अवकाश की दशा में आगामी न्यायालीन कार्य दिवस पर उपस्थित होवें, उक्त दिनांक तक किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने पर परिवादी के पक्ष में एक पक्षीय आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

अतः आज दिनांक 08/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

मण्डला, दिनांक- 08/11/2025 (वत्सला प्रजापति)

न्यायिक दण्डाधिकारी महोदय प्रथम श्रेणी मंडला म.प्र.

ओवरलोडिंग और परमिट उल्लंघन पर यात्री बसों के खिलाफ चालानी कार्रवाई

मंडला 09 नबंवर नभाप्र. जिले में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने और यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखने के उद्देश्य से कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार पदमी हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस, राजस्व विभाग और मंडला आरटीओ की एक संयुक्त टीम ने मोर्चा संभाला। संयुक्त टीम ने हाईवे पर चल रही यात्री बसों को रोककर उनकी गहन जांच की। चेकिंग के दौरान मुख्य रूप से बसों में ओवरलोडिंग, फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट की वैधता और चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस आदि की पड़ताल की गई। बताया गया कि जांच में नियमों का उल्लंघन करने वाली यात्री बसों को चिह्नित किया गया और उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई।

ग्राम बरवही में रात्रि चौपाल में जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा

मंडला 09 नबंवर नभाप्र. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत बरवही में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत बासंती दुबे ने ग्रामीणों के साथ विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। चौपाल में उपस्थित अमले द्वारा ग्राम विकास एवं ग्रामीण आजीविका मिशन, कोदो-कुटकी पंजीयन अभियान सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई।

गोल्डन आवर

मंडला पुलिस ब्लैक स्पॉट पर चला रही है सीपीआर और प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण अभियान

होटल, ढाबा संचालकों ने सीखी जीवन रक्षक तकनीक

मंडला 09 नबंवर नभाप्र. पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश और पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में मंडला पुलिस द्वारा जन सुरक्षा पहल शुरू की है। जिले के ब्लैक स्पॉट एवं हाईवे के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं के दौरान जनहानि को कम करने के उद्देश्य से प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में यातायात पुलिस के अधिकारियों और जिला अस्पताल की मेडिकल टीम ने सक्रिय भागीदारी की। उन्होंने होटल-ढाबा संचालकों, स्थानीय दुकानदारों एवं आम नागरिकों को दुर्घटना के समय घायलों की सहायता करने की सही

तकनीक और प्राथमिक उपचार देने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी।

बताया गया कि प्रशिक्षण का मुख्य फोकस गोल्डन आवर के महत्व पर रहा। विशेषज्ञों ने बताया कि दुर्घटना के बाद का यह शुरुआती एक घंटा जीवन बचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, और इस दौरान समय पर दिया गया प्राथमिक उपचार किसी भी घायल व्यक्ति की जान बचा सकता है। कार्यक्रम के दौरान दुर्घटना स्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने, रक्तस्राव रोकने के उपाय, घायल को सुरक्षित स्थिति में रखने और आपातकालीन नंबर 108, 112 पर सूचना देने की सही प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। इस जागरूकता अभियान को सूबेदार योगेश राजपूत, आरक्षक आशीष मरकाम, पुष्पराज, प्रियांशु और मेडिकल टीम से नर्मदा यादव और प्रदीप बर्मन द्वारा संचालित किया गया।

हेल्पलाईन-9713644800

माँ नर्मदा होम कॉलोनी

(प्रस्तावित बस स्टेण्ड गाजीपुर के समीप व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज बड़ी खैरी की सीमा से लगा हुआ)

कम से कम रेट पर... सभी साईज के प्लॉट उपलब्ध

शासकीय कर्मचारी व प्रायवेट कर्मचारी के साथ-साथ व्यापारी भाईयों के लिये सुनहरा अवसर

आज ही आईयें और अपने घर का सपना साकार कीजिये

बिजली, सड़क एवं नाली की सुविधा युक्त

कम से कम कागजी कार्यवाही, तुरंत फायनेंस स्वीकृति, शत्-प्रतिशत फायनेंस

स्पेशल ऑफर प्लाट बुक करने पर रजिस्ट्री फ्री

मो.- 7828214860, 8305671202

पता ऑफिस- जबलपुर - रायपुर नेशनल हाइवे, बायपास मेन रोड, कटरा (मंडला)

सिटी ऑफिस- हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, प्रथम तल फ्लेट नं. 4 बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, जबलपुर रोड, मंडला